कार्यालय चुनाव अधिकारी, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0),
कार्यालय :–एम ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002
Mobile- 9871006200 Mail- rameshad1959@gmail.com

कंमाक AIGDF/2026/1 दिनांक :01–09–2026

## विशेष आम सभा की बैठक सूचना

प्रिय सदस्य,

अद्योहस्ताक्षरकर्ता को ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) की कार्यकारिणी ने पत्र सं. AIGDF/2026/53/ दिनांक 17–08–2026 के द्वारा फेडरेशन की कार्यकारिणी का चुनाव कराने हेतू चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है ।

अत: मैं रमेश कुमार, चुनाव अधिकारी, फेडरेशन के उपनियमो में प्रदत शक्ति का उपयोग करते हुए ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) की विशेष आम सभा की बैठक दिनांक 26–09–2026 (शनिवार) को प्रातः 10:00 बजे से फेडरेशन कार्यालय एम–ब्लाक, विकास भवन, नई दिल्ली–110002 पर बुलाने के लिए फेडरेशन की सलाह से निश्चित करता हूँ । विशेष आम सभा की बैठक में निम्न पदो के लिए हाथ खडे करके या आवश्यक हुआ तो गुप्त मतदान से चुनाव कराया जायेगा :–

| कंमाक | पद नाम | पदो की संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 2 | महासचिव | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 3 | कोषाध्यक्ष | 01 | राष्ट्रीय स्तर पर |
| 4 | कार्यकारिणी सदस्य | 04 | क्षेत्रानुसार (पूरा विवरण निम्न प्रकार है) |

1. उतर पश्चिम (उतर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चण्डीगढ़, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उतराखण्ड, जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख)
2. उतर पूर्व (असम, नागालैण्ड, मेघालय, मणिपूर, मिजोरम, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, त्रिपूरा)
3. दक्षिण पश्चिम ( आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, दादरा एण्ड नगर हवेली, दमन एवं दीव, लक्षद्वीप, तमिलनाडू, केरलम, कर्नाटका, पुदुचेरी, महाराष्ट्र, गोवा)
4. दक्षिण पूर्व (पश्चिम बंगाल, उडीसा, झारखण्ड, बिहार, छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, अण्डमान एण्ड निकोबार)

नोट :–कार्यकारिणी सदस्य का नामांकन क्षेत्रानुसार ही किया जायेगा तथा कार्यकारिणी सदस्य के चुनाव में मतदान भी उसी क्षेत्रानुसार ही होगा । चुने गये कार्यकारिणी सदस्य उसी क्षेत्रीय समिति के पदेन क्षेत्रीय अध्यक्ष होगे ।

कृपया पेज न0 2 देखे...

चुनाव का कार्यकम निम्न प्रकार से होगा :–

| कं | कार्यकम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चुनाव के इच्छुक सभी उमीदवारो को नामांकन पत्र फेडरेशन कार्यालय से निशुल्क वितरित किया जायेगा । चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपना विभागीय पहचान–पत्र एवं आधार कार्ड की प्रति स्वंम हस्ताक्षरित नामांकन पत्र के साथ संलग्न करे । | 07–09–26 से 11–09–26 | प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 तक | फेडरेशन कार्यालय, एम– ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002<br>नामाकंन पत्र फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org से डाउन लोड किये जा सकते है या उम्मीदवार के अनुरोध पर अपने ईमेल /व्हाटसएप द्वारा भी प्राप्त किया जा सकता है । |
| 2 | पूर्ण रूप से भरे हुए नामांकन पत्र 2000/– रूपये की जमानत राशि सहित जमा कराने की अंतिम तिथि<br>नोट– प्राप्त नामांकन पत्रो की सूची सांय 5:00 बजे फेडरेशन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी | 16–09–26 | प्रातः 11:00 से सांय 3:00 बजे तक | उपरोक्तानुसार, जमानत राशि फेडरेशन के खाता नबंर 11175229712 में सीधे या क्यू आर कोड के माध्यम से ऑन लाईन भी जमा की जा सकती है बिना जमानत राशी के नामांकन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे । |
| 3 | नामांकन पत्रो की जांच<br>नोटः–जांच के बाद वैघ नामांकन पत्रो की सूची सांय 5:00 बजे फेडरेशन कार्यालय नोटिस बोर्ड पर पर चस्पा कर दी जायेगी और वेबसाईट फेडरेशन व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से सूचित कर दी जायेगी । | 18–09–26 | प्रातः 11:30 से 3:00 तक | नामांकन पत्रों की जांच फेडरेशन कार्यालय में होगी जिसमें उम्मीदवार भी स्वमं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रह सकते है । |
| 4 | नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि<br>नोटः–उमीदवारो की अंतिम सूची दिनांक 25–09–2026 को सांय 5:00 बजे फेडरेशन कार्यालय पर चस्पा कर दी जायेगी । | 21–09–26 | सांय 3:00 बजे तक | उम्मीदवार अपने नाम की वापसी स्वमं उपस्थित होकर या अपने प्रस्तावक या अनुमोदक के माध्यम से वापिस ले सकते है । नामांकन चुनाव अधिकारी के व्हाटसएप माध्यम से भी वापिस लिये जा सकते है । |

कृपया पेज न0 3 देखे...

| | |
|---|---|
| 5 | यदि आवश्यक हुआ तो संबंधित पदो का चुनाव हाथ खडे करके या गुप्त मतदान द्वारा दिनांक 26–09–2026 को प्रातः 10:00 बजे (कोरम पूरा होने पर नियमानुसार) कराया जायेगा । |

विशेष नोटः–

1. फेडरेशन के पंजीकृत उपनियम संख्या 17 के अनुसार जिस राज्य सदस्य का त्रिवार्षिक सदस्यता शुल्क वर्ष 2026 तक फेडरेशन कार्यालय में जमा होगा केवल उसी राज्य के अधिकृत प्रतिनिधि ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेगे ।
2. उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ 2000/–रूपये जमानत राशि जमा करानी होगी अन्यथा नामांकन रद समझाा जायेगा
3. प्रत्येक उम्मीदवार को कम से कम कुल मतदान का 1/6 मत प्राप्त करने होगे अन्यथा कम वोट होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी और जब्त की गई राशि फेडरेशन के खाते में जमा करा दी जायेगी ।
4. नामांकन पत्र अन्य राज्यों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित और अनुमोदित होना अनिवार्य है जिनके नाम अधिकृत सूची में शामिल हो उन्ही से कराने होगे अन्यथा नामांकन स्वीकार नही किये जायेगे ।
5. फेडरेशन की वोटर लिस्ट फेडरेशन कार्यालय में देखी जा सकती है और उस की प्रति 100/–रूपये का नगद भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है ।
6. विशेष आम सभा की बैठक प्रातः 10:00 बजे विकास भवन, नई दिल्ली–110002 पर शुरू होगी । फेडरेशन के पंजीकृत उपनियम संख्या 15 के अनुसार आम सभा की बैठक का 1/3 सदस्यो का कोरम पूरा नही होता तो विशेष आम सभा की बैठक को एक घन्टे के लिए स्थगित कर दिया जायेगा और स्थगित विशेष आम सभा की बैठक में कोरम की आवश्यकता नही होगी ।
7. सभी प्रतिनिधियों/उम्मीदवारो/मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि चुनाव के दौरान विकास भवन परिसर में किसी भी प्रकार का हथियार, विस्फोटक सामग्री या आपति जनक समान लेकर आना वर्जित है ।

कृपया पेज न0 4 देखे...

8. सभी सदस्यों/उम्मीदवारो से चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की जाती है और आश्वासन देता हूँ कि किसी प्रकार का नियमविरूद्व कार्य स्वीकार नही होगा ।

(रमेश कुमार)
चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपि प्रेषित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू :–

1. सचिव, कार्मिक लोक शिकायत एव पेशंन मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली इस आश्य की संबंधित चालकों को चुनाव पूर्व विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने के आदेश सभी राज्य सरकारो को जारी करने हेतू ।
2. सभी राज्यों के मुख्य सचिव इस आश्य की संबंधित चालकों को चुनाव पूर्व विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान करने एवं दिल्ली स्थित राज्य भवन में ठहरने के प्रबंध के आदेश जारी करने हेतू ।
3. अध्यक्ष/महासचिव, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0) ,एम ब्लाक, भूमितल, विकास भवन, नई दिल्ली–110002
4. पंजीयक समितियॉ, उपायुक्त कार्यालय, दिल्ली सरकार, नन्द नगरी, नई दिल्ली ।
5. थानाध्यक्ष, आई.पी.ईस्टेट, नई दिल्ली–110002, इस अनुरोध से कि चुनाव के समय शांति व्यवस्था बनाये रखने में मदद करे ।
6. सभी अध्यक्ष/महासचिव केन्द्र सरकार/राज्य चालक समिति/संघ इस अनुरोध से की वे विशेष आम सभा की सूचना अपने राज्य के सभी अधिकृत प्रतिनिधियों को देकर चुनाव अधिकारी को सूचित करेगे ।
7. फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org पर ।
8. फेडरेशन व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से सभी सदस्यों को ।
9. फेडरेशन कार्याल के नोटिस बोर्ड पर ।

(रमेश कुमार)
चुनाव अधिकारी /सेवा निवृत अधिकारी दिल्ली सरकार
ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर्स फेडरेशन (रजि0)